>

Title: Need to accord approval to the proposal of the Government of Madhya Pradesh for setting up new ITI's and strengthening the existing one in Balaghat district in the state.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदया, मध्य प्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र बालाघाट नक्सल प्रभावित जिला है। जिला बालाघाट के सात विकास खंडों में नयी आईटीआई एवं तीन विद्यमान आईटीआई के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव मध्य प्रदेश शासन ने केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा है, जो लंबित हैं। अभी तक उसे मंजूरी प्रदान नहीं की गयी है। बालाघाट जिले के बेरोजगारों के हित में तथा राज्य हित में मध्य प्रदेश शासन द्वारा योजना आयोग, भारत सरकार को भेजे गए उक्त प्रस्ताव नक्सल प्रभावित बालाघाट के सात विकास खंडों में नयी आईटीआई और तीन विद्यमान आईटीआई के सुदृढ़ीकरण हेतु मंजूरी प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।

अतएव आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा भेजे गए प्रस्ताव बालाघाट जिलों के सात विकास खंडों में नये आईटीआई और तीन पुराने आईटीआई के सुदृढ़ीकरण करवाये जाने हेतु मंजूरी प्रदान करायी जाए।